### मुख्यमंत्री ने अंबेडकर आवासीय विद्यालय का कार्यारंभ व 5000 मीट्रिक टन क्षमता के 68 गोदामों का उद्घाटन किया

# विकास दर दहाई अंक में जारी रहनी चाहिए

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

**बोले नीतीश कुमार**

- समाज के हर तबके के लोग पढ़ाई करें तभी विकास संभव
- बिहार में बड़ी संख्या में लोगों को अनाज नहीं मिल रहा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में अररिया के फारबिसगंज, किशनगंज के मोतिहारा और पूर्वी चंपारण के सुगांव में 560 आसन की क्षमता वाले अंबेडकर आवासीय विद्यालय का कार्यारंभ और 500 से 5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले 68 गोदामों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि दहाई अंक में बिहार की विकास दर जारी रहनी चाहिए। संकल्प शक्ति के साथ इतना आगे बढ़ें कि बिहार विकसित राज्यों की सूची में शामिल हो जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबेडकर आवासीय विद्यालय नए तरह की योजना है। समाज के हर तबके के लोग पढ़ाई करें तभी विकास संभव है। सुयोग्य शिक्षक भी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि हमें पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों को बिहार के गौरवशाली अतीत के बारे में बताना चाहिए। गोदाम की आवश्यकता पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोदाम की काफी जरूरत है बिहार में। नए गोदामों का निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। खाद्य सुरक्षा कानून की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत अब भी बिहार में बड़ी संख्या में लोगों को अनाज नहीं मिल रहा। केंद्र सरकार ने बच गए लोगों की सूची को डिजिटलाइजेशन को कहा। इसके बाद ही अनाज मिलेगा। एक जुलाई तक हर हाल में सूची के डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हो जाएगा। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्याम रजक ने कहा कि केंद्र से बिहार को जितनी मात्रा में अनाज मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा। भंडारण क्षमता बढ़ाने के बाद भी अनाज नहीं मिल रहा। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री रमई राम व भवन निर्माण दामोदर रावत ने भी विचार रखे। एससी-एसटी कल्याण विभाग के सचिव एसएम राजू, खाद्य आपूर्ति के सचिव पंकज कुमार व भवन निर्माण निगम के एमडी गंगा कुमार भी मौजूद थे।


शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में आवासीय विद्यालय और 68 गोदामों का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में हैं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्याम रजक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री रमई राम व अन्य।

### किसानों के अधिकार को छीनना चाहती है केंद्र सरकार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, चौदहवें वित्त आयोग की अनुशंसा से बिहार को होने वाले घाटे की भरपाई के संबंध में मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री अरुण जेटली से मुलाकात की। पर अब तक कुछ नहीं हुआ इस मामले में। भूमि अध्यादेश को फिर से लाने के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र द्वारा किसानों के जमीन छीनने की मंशा जगजाहिर है। इसे कानून को केंद्र ने प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। दरअसल उसे किसानों के नंबर नहीं कॉरपोरेट के नंबर चाहिए। देश इसे स्वीकार नहीं करेगा। चेन्नई में छात्र संगठन पर प्रतिबंध लगाने मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तानाशाही प्रवृत्ति है। लोकतंत्र पर प्रहार है। फासिस्ट शक्तियों को बढ़ावा देने की इस प्रवृत्ति को स्वीकार नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे सूबे में इन दिनों पीसी यानी प्रेस कान्फ्रेंस का दौर चल रहा है। जिलों में पहुंच रहे केंद्रीय मंत्री वहां पहुंच प्रेस कान्फ्रेंस करते हैं व निकल लेते हैं। मीडिया को भी एक दिन में नौ-नौ पीसी कवर करने की परेशानी है। केंद्रीय मंत्रियों के निशाने पर सिर्फ एक व्यक्ति है। केंद्र में जो रहता है उसे भ्रम रहता है, जो वह बोलेंगे जनता उसे ही मानेगी।

## होटलों के निजीकरण के पहले हकीकत पता करे केंद्र : त्यागी

**पटना।** जदयू ने राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने नरेन्द्र मोदी की अगुआई वाली केन्द्र की एनडीए सरकार द्वारा भारतीय पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) के होटलों के निजीकरण का विरोध किया है। साथ ही मांग की है कि वह इन संस्थानों के निजीकरण के पहले केन्द्रीय सतर्कता आयोग को शामिल कर नई समिति बना वास्तविक स्थिति का पता करे।

शनिवार को उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पर्यटन राज्यमंत्री महेश शर्मा ने घाटे में बताकर आईटीडीसी के 16 में आठ होटलों के निजीकरण का प्रस्ताव रखा है। इनमें एक पटना का पाटलिपुत्र होटल भी है। दावा किया कि पटना का होटल मुनाफे में चल रहा है। उन्होंने पिछली एनडीए सरकार के समय होटलों के निजीकरण और बिक्री से जुड़े कुछ विवादित सौदों का जिक्र करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार को याद दिलाया है कि उनका विवाद सुलझा भी नहीं था कि मौजूदा सरकार ने फिर इतिहास दुहराने की तैयारी कर ली है।

**राजधानी**

## आईएमए और भासा की दौड़ आज

**पटना।** तंबाकू जनित रोगों के संबंध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का छात्र विंग तथा बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) एक दौड़ कराएगा। यह दौड़ सुबह छह बजे कारगिल चौक से लेकर गांधी मैदान के बीच होगी। आईएमए की राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## सुजाता को वाणिज्यकर आयुक्त का जिम्मा

**पटना।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों को पदस्थापित करने की अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गई। सुजाता चतुर्वेदी को वाणिज्यकर आयुक्त सह वाणिज्यकर विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है, वहीं चैतन्य प्रसाद को सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव के रूप में पदस्थापित किया गया है।

## नीतीश के विरोध में पर्चा बांटते धराया

**पटना।** गांधी मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विरोध में पर्चा बांटने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। अतिपिछड़ा आरक्षण बचाओ मोर्चा के अशोक कुमार पर बिना अनुमति के पर्चा बांटने का आरोप है।

## रामविलास पासवान आज वैशाली जाएंगे

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान 31 मई को वैशाली जिला के अकबरपुर मलाही जाएंगे। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि श्री पासवान सड़क मार्ग से हाजीपुर होते हुए अकबरपुर मलाही में निरक्षण करने के बाद वहां के स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# राज्य सरकार राजनीति में व्यस्त : सुशील मोदी

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

**लगाया आरोप**

- सरकार ने स्वीकारा, बिना लोन स्वीकृत कराए हुआ अगुवानी घाट पुल का शिलान्यास
- घोरघाट, वेनापुर और चंपानाले पर पुल में विलंब के लिए राज्य सरकार है जिम्मेवार

भाजपा विधानमंडल दल के नेता सुशील मोदी ने आरोप लगाया है कि पथ निर्माण विभाग ट्रांसफर-पोस्टिंग में तो राज्य सरकार पुलों के निर्माण के बजाए राजनीति में व्यस्त है। अगुवानी घाट पुल के लिए वैकल्पिक स्त्रोत से धन जुटाने की बात कह राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि नाबार्ड से लोन स्वीकृत कराए बिना ही लोकसभा चुनाव से पहले शिलान्यास और एक साल बाद दुबारा कार्यारंभ किया।

उन्होंने कहा कि ऐसा न हो कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल का भी अपने संसाधन से दो हजार करोड़ जुटाए बिना विधानसभा चुनाव से एक माह पहले श्रेय लेने की होड़ में सरकार शिलान्यास कर दे। इस पुल की निर्माण लागत तीन साल पहले 3100 करोड़ थी, अब 5 हजार करोड़ और संभव है निर्माण पूरा होते-होते 10 से 15 हजार करोड़ हो जाए। राज्य सरकार को साफ करना चाहिए कि क्या दो हजार करोड़ के साथ ही संभावित लागत वृद्धि के 7 से 8 हजार करोड़ की व्यवस्था कर ली गई है। श्री मोदी ने आरोप लगाया है कि मुंगेर के घोरघाट, एनएच-80 के वेनापुर व चंपानाल तथा समस्तीपुर के नून नदी पर बनने वाले पुल के निर्माण में विलंब के लिए पूरी तरह से राज्य सरकार जिम्मेवार है।

## सरकारी कर्मी आंदोलन पर, कामकाज प्रभावित


**पटना।** राज्य में सरकारी कामकाज लगभग अस्त-व्यस्त है। प्रोन्नति के सवाल पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। वे आर-पार के मूड में हैं।

आंदोलन के पहले चरण में अधिकारियों-कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगा कर शुक्रवार को विरोध दर्ज कराया। अधिकतर दफ्तरों में ढीला-ढाला व सुस्त गति से काम हो रहा है।

कर्मचारियों के 17 संगठनों ने आंदोलन का एलान किया है। सात जून को कारगिल चौक पर धरना, उपवास के साथ ही उनका संघर्ष तेज होगा। लेकिन अभी से जिलों, प्रमंडलों से लेकर राज्य मुख्यालय सचिवालय में कामकाज में सुस्ती से लोग परेशान हैं। बिहार प्रशासनिक सेवा संघ (बासा) के महासचिव सुशील कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार ने अकारण ही प्रोन्नति समिति की बैठक पर रोक लगा रखी है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी सरकार मौन साधे हैं।

# एका पर लालू-शरद के सुर हुए एक

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो



**भाजपा पर वार**

- लालू ने कमंडल के खिलाफ मंडल के ध्रुवीकरण का नारा दिया
- शरद बोले, भारत को मुक्ति का मार्ग दिखाएगी एकता

पटना के गांधी मैदान में निषाद अधिकार संकल्प महारैला में लालू प्रसाद व शरद यादव।

जदयू व राजद की एकता को लेकर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद व जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव के सुर एक हुए। लालू प्रसाद ने जहां कमंडल के खिलाफ मंडल के ध्रुवीकरण का नारा दिया। वहीं, शरद यादव ने कहा कि जदयू-राजद एकता ही भारत को मुक्ति का मार्ग दिखाएगी।

दोनों नेता शनिवार को गांधी मैदान में राष्ट्रीय निषाद महासभा के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय निषाद अधिकार संकल्प महारैला में शामिल हुए। लालू प्रसाद ने कहा कि शरद जी ने कहा है नीतीश जी व हमलोग सब इकट्ठा होंगे। कमंडल के खिलाफ मंडल के लोग उठो। नल, भील, कोल सब शिव के लोग एकजुट हों। हमें और नीतीश जी को जो वोट मिला है सब जोड़ देंगे तो भाजपा का पता नहीं चलेगा। भाजपा के नेताओं ने झूठ पर झूठ बोलकर भ्रम पैदा किया है। मैं 126 वर्ष जिंदा रहूंगा। जो सोचते हैं हार्ट का ऑपरेशन हुआ है मर जाएंगे, वे भ्रम न पालें। सब नेताओं की गतिविधियों को देख रहा हूं।

शरद यादव ने कहा कि जनता परिवार की एकता होगी वो ऐसी एकता होगी जो भारत को मुक्ति का रास्ता दिखाएगी। भाजपा ने इतना भ्रम फैला रखा है कि उन भ्रमों को तोड़ना होगा। जदयू-राजद की एकता हो चुकी है। जबतक देश के इतिहास का चक्र नहीं परिवर्तित होगा तबतक चैन से नहीं बैठेंगे। बिहार से हिंदुस्तान का इतिहास बदलेगा। एक बार नहीं, पहले भी कई बार गठबंधन हो चुका है। नरेंद्र मोदी ने पिछले चुनाव में हर खेत को पानी, नौजवानों को रोजगार देने सहित कई वादे किए थे। लेकिन इनमें से एक भी पूरे नहीं हुए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आने की भी घोषणा की गई थी, लेकिन वे नहीं आए। महारैला में बड़ी भीड़ की अपेक्षा थी, लेकिन वो पूरी नहीं हुई। कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर लालू प्रसाद ने उदघाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री बैद्यनाथ सहनी ने की।

## बिजली योजनाओं का जमीन अधिग्रहण मिशन मोड में करें

**पटना।** बिहार की लंबित बिजली परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। बिजली कंपनी ने सभी जिलाधिकारियों को कहा है कि वे जमीन अधिग्रहण का काम मिशन मोड में करें। राज्य की कई परियोजनाएं अभी जमीन के अभाव में लंबित हैं।

परियोजनाओं में सबसे अधिक समस्या ग्रिड या पावर सब-स्टेशन बनाने में आ रही है। सब-स्टेशन के लिए कंपनी के इंजीनियर जमीन की मांग करते हैं, पर जिला प्रशासन उसे मुहैया कराने में असफल रहता है।

शहरी, अर्धशहरी क्षेत्र में जमीन मिलने में देरी के कारण वर्षों से कई सब-स्टेशन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। दसवीं पंचवर्षीय योजना के तहत बन रहे एक सब-स्टेशन का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। इसी तरह 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 11 सब-स्टेशन का मामला अधर में है।



DHANWANTARI INTERNATIONAL HEALTH CARE & RESEARCH CENTER PVT. LTD.
**मधुबनी :** मेहता आयुर्वेद भंडार, मो. 9431629587, **दरभंगा :** गाढ़ा मेडिकल हॉल, मो. 9199518862, **समस्तीपुर :** आस्था एजेंसी, मो. 9835287464, **मुजफ्फरपुर :** जगदम्बा औषधी भंडार, मो. 9430259598, **रक्सौल :** मास्टर साहेब की जड़ी-बुटी की दुकान, मो. 06255-222519, ईश्वरी मेडिकल हॉल, मो. 9934029203, **बेतिया :** हमदर्द एजेंसी- मो. 8084866523, वर्णवाल ड्रग - मो. 9934208779, **सिकटा :** फरफेक्ट मेडिसीन सेंटर -मो. 8804325694, **मोतिहारी:** गुप्ता स्टोर्स- मो. 9431604900, यूनानी दवाखाना - मो. 9576026200, न्यू श्रीकृष्णा आयुर्वेद -मो. 9801099501, शिवशंकर आयुर्वेट -मो. 9934490654, **चिरैया:** प्रिंस आयुर्वेद- मो. 9430680150 **ढाका:** जगदीश प्रसाद चन्द्रदेव प्रसाद आर्य - मो.9431665211 **छौड़ादानों**- महावीर मेडिकल- मो. 9097701767, **मलाही:** आर्या मेडिको-8969855955 **चकिया:** जगदम्बा ड्रग एजेंसी- मो. 9934653656, श्री दुर्गा औषधालय- मो. 9031553165 **अरेराज:** चंचल इंटरप्राईजेज- मो. 9525430497, **पकड़ीदयाल :** संतोष मेडिकल हॉल - मो. 06259-283064, **मेहसी :** तिवारी मेडिकल हॉल, **मोतीपुर :** भवानी आयुर्वेद, **नरकटियागंज :** संजय औषधालय
व्यापारिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 7766973755, Website : www.dhanwantariindia.com; E-mail : cc@dhanwantariindia.com